This Question Paper consists of 43 questions and 15 printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में 43 प्रश्न तथा 15 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No. / अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

Code No. / कोड नं. **68/SS/O**

SET/सेट **A**

# EARLY CHILDHOOD CARE AND EDUCATION
# प्रारंभिक शिशु देखभाल एवं शिक्षा
# (376)

Day and Date of Examination :
( परीक्षा का दिन व दिनांक ) ____________________

Signature of Invigilators :
( निरीक्षकों के हस्ताक्षर ) 1. ____________________

2. ____________________

**General Instructions :**

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and the total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. For the Objective type questions, you have to choose **any one** of the four alternatives given in the question, i.e. (A), (B), (C) and (D) and indicate your correct answer in the Answer-Book given to you.
4. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
5. (a) The Question Paper is in English and Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :

   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.

   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.
6. Candidate will not be allowed to take Calculator, Mobile Phone, Bluetooth, Earphone or any such electronic devices in the Examination Hall.
7. In case of any doubt or confusion in the question paper, the English version will prevail.
8. Write your Question Paper Code No. **68/SS/O-A** on the Answer-Book.



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**सामान्य अनुदेश :**

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की संख्या उतनी ही है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से **कोई एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखिए।

4. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।

5. (क) यह प्रश्न-पत्र दो भाषाओं में है अर्थात् अंग्रेजी एवं हिंदी। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

6. परीक्षार्थी को परीक्षा हॉल में कैल्कुलेटर, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, इयरफोन जैसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को ले जाने की अनुमति नहीं है।

7. प्रश्न-पत्र में किसी भी प्रकार के संदेह अथवा दुविधा की स्थिति में अंग्रेजी अनुवाद ही मान्य होगा।

8. अपनी उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न-पत्र की कोड संख्या **68/SS/O-A** लिखें।



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

# EARLY CHILDHOOD CARE AND EDUCATION

# प्रारंभिक शिशु देखभाल एवं शिक्षा

# (376)

**Time : 3 Hours ]** **[ Maximum Marks : 80**

**समय : 3 घण्टे ]** **[ पूर्णांक : 80**

**Note :**

(i) This question paper consists of **43** questions in all.

(ii) **All** questions are compulsory.

(iii) Marks are given against each question.

(iv) Q. No. **1** to **16** - Multiple Choice Questions (MCQs) carrying **1** mark each. Select and write the most appropriate option out of the four options given in each of these questions.

(v) Q. No. **17** to **29** - Objective type questions including Reading Comprehension Passage (Q. No. **17** to **19**), Match the Column (Q. No. **20**), True/False (Q. No. **21** to **23**), Fill in the Blanks (Q. No. **24** to **26**) and One Word Answer Question (Q. No. **27** to **29**). Attempt questions based on specific instructions for each part.

(vi) (a) Q. No. **30** to **35** - Very Short Answer type questions carrying **2** marks each to be answered in the range of **30** to **50** words.

(b) Q. No. **36** to **41** - Short Answer type questions carrying **3** marks each to be answered in the range of **50** to **80** words.

(c) Q. No. **42** and **43** - Long Answer type questions carrying **5** marks each to be answered in the range of **80** to **120** words.

**निर्देश :**

(i) इस प्रश्न–पत्र में कुल **43** प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दिये गये हैं।

(iv) प्रश्न संख्या **1** से **16** – बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं, जो प्रत्येक **1** अंक का है। इन प्रश्नों में प्रत्येक में दिये गये चार विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिये और लिखिए।

(v) प्रश्न संख्या **17** से **29** – वस्तुनिष्ठ प्रश्न है, जिसमें गद्यांश आधारित (प्रश्न संख्या **17** से **19**), सही जोड़ी (प्रश्न सं. **20**), सही/गलत (प्र. सं. **21** से **23**), रिक्त स्थान की पूर्ति (प्रश्न सं. **24** से **26**) और एक शब्द में उत्तर (प्रश्न संख्या **27** से **29**) सम्मिलित हैं। प्रत्येक भाग के लिए दिए गए विशिष्ट निर्देशों के आधार पर प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

(vi) (a) प्रश्न संख्या **30** से **35** – अति लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक के **2** अंक हैं और उत्तर की सीमा **30** से **50** शब्द है।

(b) प्रश्न संख्या **36** से **41** – लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक के **3** अंक हैं और उत्तर की सीमा **50** से **80** शब्दों है।

(c) प्रश्न संख्या **42** से **43** – दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक के **5** अंक हैं और उत्तर की सीमा **80** से **120** शब्द है।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**Note/निर्देश :**

(1) Answers of all questions are to be given in the Answer-Book given to you.

सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 02.15 p.m. From 02.15 p.m. to 02.30 p.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 02.15 बजे किया जाएगा। 02.15 बजे से 02.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

---

Select and write the **correct** answers from the options given below :

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनें और लिखें :

**1.** At what age do babies typically start weaning from breast milk to semi-solid foods ? **1**

(A) 3 months (B) 6 months (C) 9 months (D) 12 months

शिशु आमतौर पर किस उम्र में माँ का दूध छोड़कर अर्ध-ठोस आहार खाना शुरू कर देते हैं ?

(A) 3 महीने (B) 6 महीने (C) 9 महीने (D) 12 महीने

**2.** How does play contribute to language development in children ? **1**

(A) By limiting interaction with peers

(B) By restricting the exchange of ideas

(C) By encouraging discussion and sharing

(D) By avoiding emotional development

खेल बच्चों में भाषा के विकास में किस प्रकार योगदान देता है ?

(A) साथियों के साथ बातचीत को सीमित करके

(B) विचारों के आदान-प्रदान को प्रतिबंधित करके

(C) चर्चा और साझाकरण को प्रोत्साहित करके

(D) भावनात्मक विकास से बचकर



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

3. Which of the following areas of development are emphasized in the National ECCE Curriculum Framework, 2013 ? **1**

(A) English Language proficiency (B) Financial Literacy

(C) Physical-Motor Development (D) Political Awareness

राष्ट्रीय ईसीसीई पाठ्यक्रम रूपरेखा, 2013 में विकास के निम्नलिखित में से किस क्षेत्र पर जोर दिया गया है?

(A) अंग्रेजी भाषा में प्रवीणता (B) वित्तीय साक्षरता

(C) शारीरिक-मोटर विकास (D) राजनीतिक जागरूकता

4. What is the purpose of weaning ? **1**

(A) To develop immunity

(B) To introduce babies to solid foods

(C) To encourage babies to drink more water

(D) To reduce infant morbidity

अपस्तनन (स्तन के दूध को छुड़ाना) का उद्देश्य क्या है?

(A) प्रतिरक्षा विकसित करने के लिए

(B) बच्चों को ठोस आहार से परिचित कराना

(C) बच्चों को अधिक पानी पीने के लिए प्रोत्साहित करना

(D) शिशु रुग्णता को कम करने के लिए

5. What is one of the cognitive values of play ? **1**

(A) Limiting observation opportunities

(B) Restricting experimentation

(C) Developing problem-solving skills

(D) Discouraging creativity

खेल के संज्ञानात्मक मूल्यों में से एक क्या है?

(A) अवलोकन अवसरों को सीमित करना

(B) प्रयोग पर रोक

(C) समस्या समाधान कौशल विकसित करना

(D) रचनात्मकता को निरुत्साहित करना



Unnati Educations

9899436384, 9654279279

6. Which of the following activities can help compensate for nutritional deficiencies in children's diets ? 1

(A) Playing outdoor games
(B) Reading books
(C) Giving nutritional supplements in ECCE centres
(D) By eating fast foods regularly

निम्नलिखित में से कौन सी गतिविधियाँ बच्चों के आहार में पोषक तत्वों की कमी की भरपाई करने में मदद कर सकती हैं ?

(A) आउटडोर गेम खेलना
(B) किताबें पढ़ना
(C) ईसीसीई केंद्रों में पोषक तत्वों की खुराक देना
(D) नियमित रूप से फास्ट फूड खाने से

7. How do individuals learn to adapt their behaviour to different social situations ? 1

(A) Through genetic inheritance
(B) Through formal education only
(C) Through observation, experience and socialization
(D) Through innate instincts

व्यक्ति विभिन्न सामाजिक परिस्थितियों के अनुसार अपने व्यवहार को अनुकूलित करना कैसे सीखते हैं ?

(A) आनुवंशिक वंशानुक्रम के माध्यम से
(B) केवल औपचारिक शिक्षा के माध्यम से
(C) अवलोकन, अनुभव और समाजीकरण के माध्यम से
(D) जन्मजात प्रवृत्ति के माध्यम से

8. What is the primary focus of the embryonic stage of prenatal development ? 1

(A) Formation of major organs
(B) Rapid growth of bones and muscles
(C) Development of sex organs
(D) Brain enlargement

प्रसवपूर्व विकास के भ्रूणीय चरण का प्राथमिक फोकस क्या है ?

(A) प्रमुख अंगों का निर्माण
(B) हड्डियों और मांसपेशियों का तेजी से विकास
(C) यौन अंगों का विकास
(D) मस्तिष्क का विस्तार



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

9. At what age do infants typically begin to respond to sounds by getting quiet or smiling ? **1**

(A) 1-2 months (B) 3-4 months (C) 4-6 months (D) 6-9 months

किस उम्र में शिशु आमतौर पर शांत या मुस्कुराते हुए ध्वनियों का जवाब देना शुरू करते हैं ?

(A) 1-2 महीने (B) 3-4 महीने (C) 4-6 महीने (D) 6-9 महीने

10. What is the primary aim of ECCE ? **1**

(A) Providing advanced academic education

(B) Ensuring children feel safe, secure, accepted and respected

(C) Preparing children for competitive exams

(D) Offering vocational training

ईसीसीई का प्राथमिक उद्देश्य क्या है ?

(A) उन्नत शैक्षणिक शिक्षा प्रदान करना

(B) यह सुनिश्चित करना कि बच्चे सुरक्षित, आश्वस्त, स्वीकृत और सम्मानित महसूस करें

(C) बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना

(D) व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना

11. Why is the period from birth to six years considered crucial for development ? **1**

(A) Because it's the time when children start formal education

(B) Because it's time for rapid development

(C) Because children are fully independent during this period

(D) Because children are less vulnerable during this time

विकास के लिए जन्म से लेकर छः साल तक की अवधि को क्यों महत्वपूर्ण माना जाता है ?

(A) क्योंकि यह समय है जब बच्चे औपचारिक शिक्षा शुरू करते हैं

(B) क्योंकि यह तेजी से विकास का समय है

(C) क्योंकि इस अवधि के दौरान बच्चे पूरी तरह से स्वतंत्र हैं

(D) क्योंकि इस समय बच्चे कम असुरक्षित हैं

12. When was the first National Policy for Children (NPC) adopted in India ? **1**

(A) 1974 (B) 1980 (C) 1990 (D) 2000

भारत में बच्चों के लिए पहली राष्ट्रीय नीति कब अपनाई गई ?

(A) 1974 (B) 1980 (C) 1990 (D) 2000



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

13. What is the primary responsibility of the early childhood centre administrator ? **1**

(A) Teaching children
(B) Managing people and their work
(C) Making the best utilization of resources
(D) Supervising the work of staff

प्रारंभिक बचपन केंद्र प्रशासक की प्राथमिक जिम्मेदारी क्या है ?

(A) बच्चों को पढ़ाना
(B) लोगों और उनके काम का प्रबंधन करना
(C) संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करना
(D) कर्मचारियों के काम की निगरानी करना

14. What term describes the ability to understand and feel the problems or situations of another person ? **1**

(A) Sympathy (B) Empathy (C) Apathy (D) Antipathy

कौन सा शब्द किसी अन्य व्यक्ति की समस्याओं या स्थितियों को समझने और महसूस करने की क्षमता का वर्णन करता है ?

(A) सहानुभूति (B) तदनुभूति (C) उदासीनता (D) विद्वेष

15. What does a transition refer to in the context of early childhood ? **1**

(A) A period of stability
(B) A process of change from one situation to another
(C) A period of regression
(D) A static state of being

प्रारंभिक बचपन के संदर्भ में एक संक्रमण क्या संदर्भित करता है ?

(A) स्थिरता की अवधि
(B) एक स्थिति से दूसरी स्थिति में परिवर्तन की प्रक्रिया
(C) प्रतिगमन की अवधि
(D) होने की एक स्थिर अवस्था

16. What opportunities does the presence of diverse groups in a school provide ? **1**

(A) Opportunities for isolation and exclusion
(B) Opportunities for mutual learning, exploration and celebrations
(C) Opportunities for uniformity and conformity
(D) Opportunities for discrimination and bias

किसी विद्यालय में विविध समूहों की उपस्थिति क्या अवसर प्रदान करती है ?

(A) अलगाव और बहिष्कार के अवसर
(B) आपसी सीखने, अन्वेषण और उत्सव मनाने के अवसर
(C) एकरूपता और अनुरूपता के अवसर
(D) भेदभाव और पूर्वाग्रह के अवसर



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**Read the paragraph given below and write the answers of questions on the basis of your understanding of the paragraph : (17 - 19)**

India is a multilingual country. Its Constitution is committed to protect the multilingual nature of India. The home and school language divide indicates the situation where medium of instruction at school is different from the language used at home. NCF, 2005 respects the multilingual character of Indian society and suggests it should be seen as a resource to promote multilingual proficiency in a child. All languages including tribal as well as English should be valued equally. All mother tongues are appreciated as an important link between the young child and the school. In case of first generation learner, teaching in the initial years should be in mother tongue and less stress on the learning of second and third language as support may not be available to the child at home to learn these languages. Inclusive education is a process that increase the Participation of all children, including those with special needs, in school. The Salamanca Statement and Framework for Action on Special Needs Education has advocated the need for inclusive education. India is a signatory to all such statements and has endorsed the concept of inclusive education. The Statement has urged all governments to adopt as a matter of law or policy the principles of inclusive education and emphasised that children with special needs must have access to regular schools. Early Identification refers to the process of recognizing any disability or developmental variations in early childhood years and to understand the need of early intervention. Early Identification of learning difficulty or any related developmental delays can make a huge and a positive difference in the life of children and their families. Early identification can significantly minimize the social, behavioural or learning difficulties the child experience.

**नीचे दिए गए पैराग्राफ को पढ़ें और पैराग्राफ की अपनी समझ के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखें : (17 - 19)**

भारत एक बहुभाषी देश है इसका संविधान भारत की बहुभाषी प्रकृति की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। घर और स्कूल की भाषा का विभाजन उस स्थिति को इंगित करता है जहाँ स्कूल में शिक्षा का माध्यम घर में इस्तेमाल की जाने वाली भाषा से भिन्न होता है। एन.सी.एफ, 2005 भारतीय समाज के बहुभाषी चरित्र का सम्मान करता है और सुझाव देता है कि इसे एक बच्चे में बहुभाषी दक्षता को बढ़ावा देने के लिए एक संसाधन के रूप में देखा जाना चाहिए। आदिवासी और अंग्रेजी सहित सभी भाषाओं को समान रूप से महत्व दिया जाना चाहिए। सभी मातृभाषाओं को छोटे बच्चे और स्कूल के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में सराहा जाता है। पहली पीढ़ी के शिक्षार्थी के मामले में, प्रारंभिक वर्षों में शिक्षण मातृभाषा में होना चाहिए और दूसरी और तीसरी भाषा सीखने पर कम जोर देना चाहिए क्योंकि इन भाषाओं को सीखने के लिए बच्चे को घर पर सहायता उपलब्ध नहीं हो सकती है। समावेशी शिक्षा एक ऐसी प्रक्रिया है जो स्कूल में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों सहित सभी बच्चों की भागीदारी को बढ़ाती है। विशेष आवश्यकता शिक्षा पर कार्रवाई के लिए सलामांका वक्तव्य और रूपरेखा ने समावेशी शिक्षा की आवश्यकता की वकालत की है। भारत ऐसे सभी बयानों का हस्ताक्षरकर्ता है और उसने समावेशी शिक्षा की अवधारणा का समर्थन किया है। वक्तव्य में सभी सरकारों से कानून या नीति के रूप में समावेशी शिक्षा के सिद्धांतों को अपनाने का आग्रह किया गया है और इस बात पर जोर दिया गया है कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को नियमित स्कूलों तक पहुँच मिलनी चाहिए। प्रारंभिक पहचान से तात्पर्य बचपन के शुरुआती वर्षों में किसी भी विकलांगता या विकासात्मक विविधता को पहचानने और प्रारंभिक हस्ताक्षेप की आवश्यकता को समझने की प्रक्रिया से है। सीखने में कठिनाई या किसी भी संबंधित विकासात्मक देरी की शीघ्र पहचान बच्चों और उनके परिवारों के जीवन में एक बड़ा और सकारात्मक बदलाव ला सकती है। शीघ्र पहचान से बच्चे द्वारा अनुभव की जाने वाली सामाजिक, व्यवहारिक या सीखने की कठिनाइयों को काफी हद तक कम किया जा सकता है।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

17. (i) According to NCF, 2005, how should India's linguistic diversity be perceived ? **2x1=2**

(ii) The Indian Constitution aim to protect __________ nature of India.

(i) एन.सी.एफ, 2005 के अनुसार, भारत की भाषाई विविधता को किस प्रकार देखा जाना चाहिए ?

(ii) भारतीय संविधान का उद्देश्य भारत की __________ प्रकृति की रक्षा करना है।

18. (i) How does NCF, 2005 propose to handle first-generation learners ? **2x1=2**

(ii) What is the goal of inclusive education ?

(i) एन.सी.एफ, 2005 पहली पीढ़ी के शिक्षार्थियों को कैसे संभालने का प्रस्ताव करता है ?

(ii) समावेशी शिक्षा का लक्ष्य क्या है ?

19. (i) What does "Early Identification" refer to ? **2x1=2**

(ii) How can early identification benefit children and their families ?

(i) ''प्रारंभिक पहचान'' से क्या तात्पर्य है ?

(ii) शीघ्र पहचान से बच्चों और उनके परिवारों को कैसे लाभ हो सकता है ?

20. Match the column : **4x1=4**

| | **Column A** | | **Column B** |
|---|---|---|---|
| (a) | Early Years | (i) | Focuses on providing childcare facilities at workplaces |
| (b) | NFHS-4 data | (ii) | Rapid brain development |
| (c) | Maternity Benefit Amendment Act 2017 | (iii) | Nature |
| (d) | Genes | (iv) | Indicates improvements in school attendance |

कॉलम मिलान करें :

| | **कॉलम A** | | **कॉलम B** |
|---|---|---|---|
| (a) | प्रारंभिक वर्ष | (i) | कार्यस्थलों पर बाल देखभाल सुविधाएँ प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित |
| (b) | एन.एफ.एच.एस.-4 डेटा | (ii) | तीव्र मस्तिष्क विकास |
| (c) | मातृत्व लाभ संशोधन अधिनियम, 2017 | (iii) | प्रकृति |
| (d) | आनुवंशिक | (iv) | स्कूल में उपस्थिति में सुधार का संकेत देता है |



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

Write **True** or **False** for question number **21 to 23.**

प्रश्न संख्या 21 से 23 के लिए **सही** या **गलत** लिखो।

**21.** (i) According to research in neuroscience, 90% of brain development has occurred by the time a child reaches six years old. **2x1=2**

(ii) Lack of a healthy home and school environment can contribute to developmental delays in children.

(i) तंत्रिका विज्ञान में अनुसंधान के अनुसार, मस्तिष्क विकास का 90% तब तक हुआ है जब तक एक बच्चा छह साल का हो जाता है।

(ii) स्वस्थ घर और स्कूल वातावरण का अभाव बच्चों के विकास में देरी में योगदान दे सकता है।

**22.** Quality early care and education provided through ECCE programs help children adjust better in a formal school environment. **1**

ई.सी.सी.ई कार्यक्रमों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक देखभाल और शिक्षा बच्चों को एक औपचारिक स्कूल के माहौल में बेहतर समायोजित करने में मदद करती है।

**23.** ECCE primarily focuses on the care of children aged three to six years old. **1**

ई.सी.सी.ई. मुख्य रूप से तीन से छह साल की उम्र के बच्चों की देखभाल पर ध्यान केंद्रित करता है।

**24.** Fill in the blanks : **2x1=2**

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

(i) Physical development occurs proximodistally and __________.

(ii) Fine motor skills involve __________.

(i) शारीरिक विकास समीप - दुराभिमुख और __________ रूप से होता है।

(ii) अच्छे सूक्ष्म गत्यात्मक कौशल में __________शामिल है।

**25.** Fill in the blank : **1**

रिक्त स्थान भरिए :

As children reach their first birthday, their actions become __________ oriented.

जैसे-जैसे बच्चे अपने पहले जन्मदिन पर पहुंचते हैं, उनके कार्य __________ उन्मुख हो जाते हैं।

**26.** Fill in the blank : **1**

रिक्त स्थान भरिए :

Pre-schoolers learn __________ skills necessary for interacting with other children.

पूर्व विद्यालयी बच्चे अन्य बच्चों के साथ बातचीत के लिए आवश्यक __________ कौशल सीखते हैं।



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

**Write one word answer for Questions 27 - 29.**

**एक शब्द में उत्तर दीजिये। (27 - 29)**

**27.** (i) What is the aim of ECCE ? **3x1=3**

(ii) What does "early stimulation" refer to ?

(iii) How do bones contribute to the overall structure of the body ?

(i) ई.सी.सी.ई. का उद्देश्य क्या है ?

(ii) "प्रारंभिक उत्तेजना" से क्या तात्पर्य है ?

(iii) शरीर की समग्र संरचना में हड्डियाँ किस प्रकार योगदान करती हैं ?

**28.** (i) How is India described in terms of religion ? **2x1=2**

(ii) What does the Constitution of India forbid regarding religion ?

(i) भारत को धर्म की दृष्टि से किस प्रकार वर्णित किया गया है ?

(ii) भारत का संविधान धर्म के संबंध में क्या मना करता है ?

**29.** What is the focus of the National Policy on Education (NPE), 1986 ? **1**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.पी.ई.), 1986 का किस पर केंद्रित (फोकस) है ?

**30.** What are the key functions shared by both management and administration ? **2**

प्रबंधन और प्रशासन दोनों द्वारा साझा किए जाने वाले प्रमुख कार्य क्या हैं ?

**OR / अथवा**

What are the three levels of management typically found in an ECCE centre ?

ई.सी.सी.ई. केंद्र में आमतौर पर प्रबंधन के कौन-कौन से तीन स्तर पाए जाते हैं ?

**31.** How does being loving and caring contribute to children's development in an ECCE setting ? **2**

ई.सी.सी.ई. सेटिंग में प्यार और देखभाल करना बच्चों के विकास में कैसे योगदान देता है ?

**32.** What are the two stages of moral development according to Jean Piaget ? **2**

जीन पियाजे के अनुसार नैतिक विकास के दो चरण कौन से हैं ?



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

33. What are some inherited reflexes displayed by infants at birth ? **2**

जन्म के समय शिशुओं द्वारा प्रदर्शित कुछ वंशानुगत प्रतिक्रियाएँ क्या हैं ?

34. How does the physical growth of children aged three to six years compare to infants ? **2**

तीन से छह वर्ष की आयु के बच्चों का शारीरिक विकास शिशुओं की तुलना में कैसा होता है ?

35. What are some examples of gross motor skills acquired by children aged three to six years ? **2**

तीन से छह वर्ष की आयु के बच्चों द्वारा अर्जित स्थूल गत्यात्मक कौशल के कुछ उदाहरण क्या हैं ?

36. How can children from financially disadvantaged families, children who have a disability and culturally and linguistically diverse families experience challenges during the transition to school ? **3**

आर्थिक रूप से वंचित परिवारों के बच्चे, विकलांग बच्चे और सांस्कृतिक और भाषाई रूप से विविध परिवारों के बच्चे स्कूल जाने के दौरान चुनौतियों का अनुभव कैसे कर सकते हैं ?

**OR / अथवा**

How can successful transitions from early learning environments be facilitated ?

प्रारंभिक सीखने के माहौल से सफल पारगमन सुगम कैसे बनाया जा सकता है ?

37. Why is it important to address diversity within the school environment ? **3**

स्कूली परिवेश में विविधता पर ध्यान देना क्यों महत्वपूर्ण है ?

**OR / अथवा**

How can teacher demonstrate an understanding of diversity in the classroom ?

शिक्षक कक्षा में विविधता की समझ कैसे प्रदर्शित कर सकता है ?

38. How does maternal mortality affect child survival and development, according to the information provided ? **3**

सूचना के अनुसार मातृ मृत्यु दर बच्चे के अस्तित्व और विकास को कैसे प्रभावित करती है ?

**OR / अथवा**

Why is breastfeeding considered important for the health of both mother and child ?

स्तनपान को माँ और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य के लिए क्यों महत्वपूर्ण माना जाता है ?



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

39. How do families need to accommodate children with special conditions and what challenges do they face ? **3**

परिवारों को विशेष परिस्थितियों वाले बच्चों को कैसे समायोजित करने की आवश्यकता है, और उन्हें किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है ?

**OR / अथवा**

What are the challenges faced by migrant children, particularly those employed in the unorganized sector ?

प्रवासी बच्चों, विशेषकर असंगठित क्षेत्र में कार्यरत बच्चों के सामने क्या चुनौतियाँ हैं ?

40. How does physical-motor development contribute to overall growth and development in children ? **3**

शारीरिक-गत्यात्मक विकास बच्चों में समग्र वृद्धि और विकास में कैसे योगदान देता है ?

41. How do developmental milestones help in identifying developmental delays ? **3**

विकास संबंधी देरी की पहचान करने में विकासात्मक पड़ाव कैसे मदद करते हैं ?

42. How can parents and teachers work together to support children's development ? **5**

माता-पिता और शिक्षक बच्चों के विकास में सहायता के लिए कैसे मिलकर काम कर सकते हैं ?

**OR / अथवा**

Explain the Principles of development with relevant examples

विकास के सिद्धांत को संगत उदाहरणों से समझाइए।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**43.** How can educators support children with varying abilities in an early learning environment ? **5**

आरंभिक सीखने के परिदेश में विविध क्षमताओं वाले बच्चों को शिक्षक किस प्रकार सहायता कर सकता है ?

**OR / अथवा**

State the difference between growth and development with examples.

वृद्धि और विकास के अंतर को उदाहरण सहित समझाइए।

**- o O o -**



Unnati Educations
9899436384, 9654279279